जिनके घर में श्याम विराजे

जिनके घर में श्याम विराजे
उनको चिंता होती नही,
जिन आँखों ने श्याम को
देखा वो आंखे कभी रोती नही,

उनके घर में कही ना कही पे
जय श्री श्याम लिखा होगा,
तीन बाण के निशान के निचे
हारे का सहारा लिखा होगा,

इतना अटल विश्वास हो जिनको
उनकी हार होती नही,
जिस घर में श्याम विराजे........
उस घर के कोने कोने में

इतर महक ता रहता है,
दिल की हर धड़कन से उनकी
भाव भजन ही निकल ता है,
जिन हाथो से भोग लगाया

उनसे गलती होती नही,
जिस घर में श्याम विराजे......

उस घर में मेहमान को प्यारे
श्याम का प्रेमी कहते है,

समय देख के बिन भोजन
के जाने नही वो देते है,
ऐसे घर में सच में कन्हियाँ

कोई कमी कभी होती नही,
जिस घर में श्याम विराजे....

Source:
https://www.bharattemples.com/jis-ghar-me-shyam-viraje-unko-chinta-hoti-nhi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw